The

# ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# DAILY CURRENT AFFAIR

04 – 07 –2023

TUESDAY



## 1 संयुक्त राज्य अमेरिका यूनेस्को में फिर से हुआ शामिल

कि संयुक्त राज्य अमेरिका इजरायल के खिलाफ पूर्वाग्रह के आरोपों के कारण छोड़ने के चार साल बाद जुलाई में एजेंसी में फिर से शामिल होगा। फिर से शामिल होने के कदम के लिए सदस्य राज्यों द्वारा मतदान की आवश्यकता होगी, यूनेस्को शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक कारणों को बढ़ावा देता है, और विश्व स्तर पर विश्व धरोहर स्थलों को नामित करता है। अमेरिका ने फिलिस्तीन के एजेंसी का सदस्य बनने के बाद 2011 में यूनेस्को को लाखों डॉलर का वित्त पोषण बंद कर दिया था। यह निर्णय तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा किया गया था, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता प्राप्त गैर-संप्रभु राज्य के रूप में फिलिस्तीन की स्थिति के कारण वित्त पोषण को रोक दिया था। फिलिस्तीन को 2012 में एक गैर-सदस्य पर्यवेक्षक राज्य के रूप में शामिल किया गया था, यूनेस्को में इजरायल के राजदूत निमरोद बरकान ने फिलिस्तीन की सदस्यता के कारण "यूनेस्को के राजनीतिकरण" पर आपत्ति जताते हुए अमेरिका के फैसले का समर्थन किया।

## 2. ड्रीम 11 बना भारतीय क्रिकेट टीम का नया मुख्य जर्सी प्रायोजक




ड्रीम 11 कंपनी अब टीम टीम इंडिया की मुख्य स्पॉन्सर होगी. कि वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से टीम इंडिया की जर्सी पर Dream11 का लोगो जा सकेगा. इस तरह अब BYJU'S की छुट्टी हो जाएगी. अब तक टीम इंडिया की जर्सी पर BYJU'S का लोगो दिखता था. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने टीम इंडिया के स्पॉन्सर को लेकर एक बड़ा ऐलान किया है. अब फैंटेसी स्पोर्ट्स गेमिंग प्लेटफॉर्म कंपनी ड्रीम 11 (Dream11) तीन साल की अवधि के लिए टीम इंडिया की मुख्य प्रायोजक होगी. ड्रीम 11 का लोगो अब वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से शुरू होने वाली टीम इंडिया की जर्सी पर देखा जाएगा. जो आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की अवधि में टीम इंडिया का पहला टेस्ट सीरीज का असाइनमेंट है. इंग्लैंड में होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल (WTC Final 2023) मुकाबले से पहले बीसीसीआई और एडिडास के बीच डील हुई थी.

## 3. भारत के नीरज चोपड़ा ने लुसाने डायमंड लीग में जीता स्वर्ण पदक




लुसाने डायमंड लीग में भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने 87.66 मीटर की दूरी हासिल गोल्ड मेडल अपने नाम किया। नीरज ने यह गोल्ड मेडल अपने पांचवें प्रयास में जीता। इस प्रतियोगिता में नीरज की शुरुआत कुछ खास नहीं रही थी। उनका पहला थ्रो फाउल हो गया था लेकिन इसके बाद नीरज ने दमदार वापसी कर जर्मनी के जूलियन वीबर और चेक गणराज्य के याकूब वादलेज्चे को पीछे को छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। नीरज चोपड़ा का यह 8वां इंटरनेशनल गोल्ड है। इससे पहले उन्होंने एशियन गेम्स, साउथ एशियन गेम्स और ओलिपिंक जैसी प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। वहीं इस साल नीरज चोपड़ा के खाते

में यह दूसरा गोल्ड मेडल आया है। इससे पहले नीरज ने दोहा डायमंड लीग में भी गोल्ड का तमगा अपने नाम किया था। दूसरे प्रयास में उन्होंने 83.52 मीटर का उन्होंने थ्रो किया जबकि उनका तीसरा थ्रो 85.04 मीटर का रहा लेकिन इन तीन प्रयासों के स्कोर पर आधार जर्मनी के जूलियन वीबर ने 86.20 की दूरी हासिल कर बढ़त बना रखी थी।

### 4. गुजरात में भारत का पहला घरेलू स्तर पर निर्मित परमाणु रिएक्टर का वाणिज्यिक परिचालन हुआ प्रारंभ



गुजरात में काकरापार परमाणु ऊर्जा परियोजना (केएपीपी) में भारत के पहले स्वदेशी रूप से विकसित 700 मेगावाट के परमाणु ऊर्जा रिएक्टर ने वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया। इसकी जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। कि केएपीपी-3 में हमारी पहली स्वदेशी 700 मेगावाट इकाई 30 जून 2023 को शुरू हो गई। वर्तमान में, इकाई अपनी कुल बिजली का 90 प्रतिशत पर काम कर रही है। न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) काकरापार में 700 मेगावाट के दो दबावयुक्त भारी जल रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) का निर्माण कर रहा है, यहां 220 मेगावाट के दो बिजली संयंत्र भी हैं। एनपीसीआईएल ने देश भर में सोलह 700 मेगावाट पीएचडब्ल्यूआर बनाने की योजना बनाई है और इसके लिए वित्तीय और प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। राजस्थान के रावतभाटा (आरएपीएस 7 और 8) और हरियाणा के गोरखपुर (जीएचएवीपी 1 और 2) में 700 मेगावाट के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण चल रहा है। सरकार ने अन्य चार स्थानों हरियाणा में गोरखपुर, मध्य प्रदेश में चुटका, राजस्थान में माही बांसवाड़ा और कर्नाटक में कैगा - में बेड़े मोड में 10 स्वदेशी रूप से विकसित पीएचडब्ल्यूआर के निर्माण को मंजूरी दे दी है।

### 5. कनाडा ने विदेशी श्रमिकों को आकर्षित करने के लिए प्रारंभ की 'Digital Nomad Strategy



कनाडा ने विशेष रूप से तकनीकी उद्योग में कुशल श्रमिकों की कमी को दूर करने के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया है। टोरंटो में कोलिजन के तकनीकी सम्मेलन के दौरान, देश के आप्रवासन मंत्री ने दुनिया भर से प्रतिभाशाली व्यक्तियों को आकर्षित करने के उद्देश्य से एक डिजिटल खानाबदोश रणनीति शुरू करने की घोषणा की। डिजिटल खानाबदोश रणनीति के तहत, विदेशी श्रमिकों को छह महीने तक कनाडा में रहने की अनुमति है। यदि उन्हें अपने प्रवास के दौरान नौकरी के प्रस्ताव मिलते हैं, तो उनके पास देश में अपना समय बढ़ाने का अवसर होता है। यह पहल कनाडा के तकनीकी क्षेत्र में कुशल पेशेवरों की कमी को दूर करने के लिए बनाई गई है। कनाडा का लक्ष्य कुशल श्रमिकों को देश में रहने की अनुमति देकर, इसके आर्थिक विकास में योगदान देकर और स्थानीय समुदायों के भीतर निवेश करके श्रम की मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बनाना है। मौजूदा कमी को दूर करने के अलावा, सरकार दीर्घकालिक समाधानों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जैसे कि कनाडा में अंतरराष्ट्रीय श्रमिकों के लिए वीज़ा परमिट का विस्तार करना। संयुक्त राज्य अमेरिका से कुशल श्रमिकों की कमी को दूर करने के लिए, कनाडा के आप्रवासन मंत्री ने एक विशेष पहल की घोषणा की।

### 6. अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति बिडेन की 'छात्र ऋण माफी' प्रस्ताव को किया खारिज




अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से छात्र ऋण के अरबों डॉलर माफ करने की उनकी योजना को खारिज किए जाने के बाद छात्रों को राहत के लिए एक वैकल्पिक योजना पेश करने का भरोसा दिया। लेकिन वह उच्च शिक्षा अधिनियम के तहत एक नया कार्यक्रम शुरू करने पर काम करेंगे, जो छात्र ऋण भुगतान से चूक के खतरे को कम करने के लिए तैयार किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कुछ घंटों बाद बाइडन की ओर से व्हाइट हाउस से की गई इस टिप्पणी को अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के मद्देनजर अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। बाइडन प्रशासन ने लाखों संघीय छात्र ऋण को रद्द करने या इसे कम करने के लिए 400 अरब अमेरिकी डॉलर की योजना का प्रस्ताव किया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस योजना को खारिज कर दिया। ऋण लेने वालों को 'झूठी उम्मीद' दिलाने से जुड़े सवाल के जवाब में बाइडन ने कहा, 'मैंने कोई झूठी उम्मीद नहीं दिलाई है। जो उम्मीद की किरण थी, उसे रिपब्लिकन पार्टी के सदस्यों ने छीन लिया है।

## 7. वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने 'जगनन्ना अम्मा वोडी' योजना शुरू की




आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने चौथे वर्ष के लिए 'जगनन्ना अम्मा वोडी' योजना शुरू की, जिसके तहत पार्वतीपुरम मान्यम जिले के कुरुपम में 43 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में 6,393 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता जमा की जाएगी। 10 दिनों तक, अम्मा वोडी को सभी मंडलों में वितरित किया जाएगा, जिससे राज्य भर में कक्षा 1 से 12 तक पढ़ने वाले 83 लाख से अधिक छात्र लाभान्वित होंगे। इस उद्देश्य के हिस्से के रूप में, मैं यहां से इस अम्मा वोडी योजना को क्रियान्वित कर रहा हूं, "रेड्डी ने कहा। अम्मा वोडी योजना के तहत, पात्र माताएं जो अपने बच्चों को स्कूल भेजती हैं, उन्हें शैक्षिक खर्चों को पूरा करने के लिए 15,000 रुपये की वित्तीय सहायता मिलेगी। राज्य ने जगनन्ना अम्मा वोडी योजना के तहत कुल 26,067 करोड़ रुपये जमा किए हैं, जिसमें आज 6,393 करोड़ रुपये का वितरण भी शामिल है। शिक्षा को बढ़ावा देने वाली ढेर सारी योजनाओं के साथ, रेड्डी ने कहा कि उनकी सरकार ने सार्वजनिक स्कूलों और निजी स्कूलों के बीच मौजूद भेदभाव को खत्म कर दिया है, जिसमें बाद वाले को पूर्व के साथ प्रतिस्पर्धा करना भी शामिल है।

## 8. आईडीएफसी पहला बैंक 155:100 शेयर एक्सचेंज अनुपात में आईडीएफसी लिमिटेड के साथ विलय करेगा




IDFC फर्स्ट बैंक के निदेशक मंडल ने आईडीएफसी लिमिटेड के अपने साथ विलय को मंजूरी दे दी. इसके लिए शेयर एक्सचेंज रेश्यो भी फिक्स कर दिया गया है. आईडीएफसी लिमिटेड के शेयरधारकों को हर 100 शेयर पर बैंक में 155 शेयर अलॉट किए जाएंगे. विलय के बाद आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयरों की वैल्यू में 4.9 फीसदी का उछाल आएगा. कि आईडीएफसी एफएचसीएल, आईडीएफसी लिमिटेड और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के कॉरपोरेट ढांचे के सरलीकरण के

मकसद से ऐसा किया जा रहा है. सोमवार को बाजार बंद होने तक दोनों कंपनियों के शेयरों की कीमत के हिसाब से देखा जाए तो इस डील की वैल्युएशन करीब 71767 करोड़ रुपये होगी. अभी इस विलय को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI), भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI), सेबी, NCLT व शेयर बाजारों समेत अन्य सभी नियामकीय संस्थानों से मंजूरी मिलना बाकी है. इसके अलावा दोनों ही कंपनियों के शेयरहोल्डर्स द्वारा भी इसे मंजूरी दिया जाना बाकी है.

**QUIZ**

**1 भारत की G20 अध्यक्षता के तहत 'स्टार्टअप20 शिखर' समिट का आयोजन कहां किया जा रहा है?**

(a) जयपुर
(b) पटना
(c) वाराणसी
(d) गुरुग्राम

EXPLANATION -: भारत की G20 अध्यक्षता के तहत 'स्टार्टअप20 शिखर' समिट का आयोजन हरियाणा के गुरुग्राम में किया जा रहा है. स्टार्टअप20 एंगेजमेंट ग्रुप इस दो दिवसीय स्टार्टअप20 शिखर समिट का आयोजन कर रहा है. इस अवसर पर G20 शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि भारत में स्टार्ट-अप में कुल निवेश 19 गुना हो गया है. वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने भी इस सम्मेलन को संबोधित किया.

**2. ऑस्ट्रियाई ग्रैंड प्रिक्स फॉर्मूला वन चैंपियनशिप 2023 का टाइटल किसने जीता?**

(a) फर्नांडो अलोंसो
(b) लुईस हैमिल्टन
(c) मैक्स वेरस्टैपेन
(d) पियरे गैस्ली

EXPLANATION -: मौजूदा फॉर्मूला वन चैंपियन मैक्स वेरस्टैपेन (Max Verstappen) ने ऑस्ट्रियाई ग्रैंड प्रिक्स 2023 का टाइटल अपने नाम कर लिया है. यह उनका तीसरा लगातार ग्रैंड प्रिक्स टाइटल है. मैक्स वेरस्टैपेन, रेड बुल की टीम की ओर से फॉर्मूला वन में भाग लेते है. मैक्स एमिलियन वेरस्टैपेन एक डच-बेल्जियम रेसिंग ड्राइवर और 2021 और 2022 फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियन हैं.

**3. भारत के पहले स्वदेशी रूप से विकसित परमाणु ऊर्जा रिएक्टर का वाणिज्यिक परिचालन कहां शुरू किया गया है?**

(a) गुजरात
(b) महाराष्ट्र
(c) तमिलनाडु
(d) कर्नाटक

EXPLANATION -: गुजरात में काकरापार परमाणु ऊर्जा परियोजना (केएपीपी) में भारत के पहले स्वदेशी रूप से विकसित 700 मेगावाट के परमाणु ऊर्जा रिएक्टर का वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया गया है. वर्तमान में यह यूनिट कुल उत्पादन के 90 प्रतिशत पर काम कर रही है. इसका विकास न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) द्वारा किया गया है. एनपीसीआईएल, मुंबई, महाराष्ट्र में स्थित एक भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है.

**4. महाराष्ट्र के नए उप-मुख्यमंत्री के रूप में किसने शपथ ली है?**

(a) शरद पवार
(b) अजित पवार
(c) संजय राउत
(d) आदित्य ठाकरे

EXPLANATION -: एनसीपी नेता अजित पवार महाराष्ट्र के नए उप-मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है. पिछले 5-वर्षों में यह तीसरा मौका है जब अजित पवार ने महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है. इसके साथ ही वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार का हिस्सा बन गए हैं. पवार ने नवंबर 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यकाल के दौरान उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी.

**5. भारत के सॉलिसिटर जनरल के रूप में किसे फिर से नियुक्त किया गया है?**

(a) अलोक सिन्हा
(b) कपिल सिब्बल
(c) अनुराग पूरी
(d) तुषार मेहता

EXPLANATION -: केंद्र की मोदी सरकार ने तुषार मेहता को 3-साल के लिए फिर से भारत का सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया है. तुषार को अक्टूबर 2018 में सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया था. मेहता के कार्यकाल को पहले भी बढ़ाया जा चुका है. इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के लिए 6 अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के कार्यकाल को भी 3-साल की

अवधि के लिए बढ़ाया गया है. भारत में सॉलिसिटर जनरल और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केवल वैधानिक पद हैं. अटॉर्नी जनरल देश का शीर्ष कानून प्रवर्तन अधिकारी होता है.

### 6. पतले प्लास्टिक बैगों पर प्रतिबंध लगाने वाला दुनिया का पहला देश कौन बना है?

(a) भारत
(b) यूएसए
(c) न्यूजीलैंड
(d) ऑस्ट्रेलिया

EXPLANATION -:न्यूजीलैंड, पतले प्लास्टिक बैगों (Thin plastic bags) पर प्रतिबंध लगाने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है. न्यूजीलैंड में इन प्लास्टिक बैगों का उपयोग सुपरमार्केट में फल और सब्जियों के लिए किया जाता था. सरकार, एकल-उपयोग प्लास्टिक के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान का विस्तार कर रही है, जिसे 2019 में शुरू किया गया था.

### 7. हाल ही में भारत की पहली 'पुलिस ड्रोन यूनिट' किस शहर में लॉन्च की गई?

a) मुंबई
b) चेन्नई
c) नई दिल्ली
d) हेदराबाद

EXPLANATION -: ग्रेटर चेन्नई सिटी पुलिस (जीसीपी) द्वारा विशाल क्षेत्रों पर हवाई निगरानी और आपराधिक गतिविधियों का तुरंत पता लगाने के लिए भारत की पहली 'पुलिस ड्रोन यूनिट' लॉन्च की गई है। इस नव निर्मित विशेष इकाई का उद्घाटन पुलिस महानिदेशक और पुलिस बल के प्रमुख सी सिलेंद्र बाबू ने बेसेंट एवेन्यू, अड्यार में किया है। इस ड्रोन पुलिस यूनिट में, त्वरित प्रतिक्रिया निगरानी ड्रोन, हेवी लिफ्ट मल्टीरोटर ड्रोन और लंबी दूरी के सर्वेक्षण विंग विमान जैसी तीन श्रेणियों के तहत कुल नौ ड्रोन शामिल हैं।

### 8. हाल ही में भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की मुख्य प्रायोजक कौन सी कंपनी बनी है?

a) CRED
b) Dream11
c) Bharat Pe
d) TATA

EXPLANATION -: फैंटेसी गेमिंग कंपनी Dream11 तीन साल के लिए भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की मुख्य प्रायोजक बना है। Dream11 ने भारतीय टीम के मुख्य प्रायोजक के रूप में BYJUs की जगह ली। मार्च 2023 में BYJUs के साथ अनुबंध समाप्त होने के बाद बीसीसीआई ने नए प्रायोजन के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। Dream11 एक भारतीय फैंटेसी स्पोर्ट्स कंपनी है। इसकी स्थापना 2008 में हर्ष जैन और भावित शेठ ने की थी।

## ONE LINER

**अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस कब मनाया गया है -: 3 जुलाई**
**हाल ही में कितना अहमदाबाद के अक्षर नदी क्रूज का शुभारंभ किया है -: अमित शाह**
**हाल ही में किसने महाराष्ट्र के नए उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है -: अजित पवार (NCP नेता)**
**हाल ही में किसने छतठी युवा राष्ट्रीय महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती है - : हरियाणा**
**विश्व प्रसिद्ध 'श्रावणी मेले' का उद्घाटन कहां किया गया है -: देवधर**
**हाल ही में किसने ऑस्ट्रेलियाई ग्रैंड प्रिक्स 2023 जीता है – : मैक्स वर्स्टपन**
**फ्रांस और किस देश ने स्वच्छ ऊर्जा की ओर बदलाव में तेजी लाने के लिए सहयोग किया है -: UAE**
**हाल ही में IEP द्वारा जारी ग्लोबल पीस इंडेक्स 2023 में कौन शीर्ष पर रहा है- : अफगानिस्तान**
**किसने सैन्य मामलों के विभाग के अतिरिक्त सचिव के रूप में पदभार संभाला है-: अतुल आनंद**
**एचडीएफसी का किसके साथ विलय कर दिया गया है-: एचडीएफसी बैंक**